## घमापुर में हत्या, जिले भर में दर्जनों चाकूबाजी की वारदातें

# होली में रंगों के साथ जमकर उड़े खून के छींटे



**जबलपुर।** जिले में होली के रंगों के साथ खून के छींटे भी उड़े, होली की रात जहां घमापुर थाना क्षेत्र के सिध्दबाबा इलाके में 8-10 हुड़दंगियों ने मिलकर एक युवक की चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी। वहीं कोतवाली में मामा भांजे पर चाकू से वार किया गया। इसी तरह गोहलपुर अधारताल सिहोरा केन्ट खमरिया सहित अन्य थाना क्षेत्रों में दर्जनों चाकूबाजी की घटनाएं हुईं। पुलिस की तमाम सख्तियों के बावजूद हुड़दंगियों पर लगाम नहीं लग सकी।

### घमापुर क्षेत्र में युवक की हत्या

घमुपार थाना अंतर्गत सिध्दबाबा वार्ड में होली के रंग बार बार घर के सामने फेंकना समझाईश देना एक युवक को महंगा पड़ गया। आठ-दस हुड़दंगियों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धबाबा क्षेत्र निवासी रामगोपाल कुशवाहा व उसके परिजनों सहित रिश्तेदारों ने दिनभर रंग खेला। इसके बाद रात को रामगोपाल घर के आंगन को पानी डालकर साफ कर रहा था। लगभग सफाई हो चुकी थी, इस दौरान सड़क से गुजरे 8-10 हुड़दंगियों ने फिर रंग फेक दिया। इस बात को लेकर रामगोपाल ने लड़कों को समझाइश देने की कोशिश की, जिसपर लड़के भड़क गए और रामगोपाल के साथ मारपीट कर दी, इतने में एक ने चाकू निकालकर रामगोपाल पर हमला कर दिया। रामगोपाल पर हमला होते देख परिजनों में चीख पुकार मच गई, शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से निकल आए। जिन्हे देख हमलावर भाग निकले। रामगोपाल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया। मेडिकल में दूसरे दिन इलाज के दौरान रामगोपाल की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच की तो नीतेश अहिरवार, अनुज बेन उर्फ पीयूष, समीर हदयात, अनिकेत चौबे और क्रिश राजपूत के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने आरोपी नितेश अहिरवार उम्र 21 वर्ष, अनिकेत चैबे उम्र 18 वर्ष दोनों निवासी चाचा किराना के सामने सिद्धबाबा घमापुर तथा तीन 16-17 नाबालिग बालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चेरीताल में मामा-भान्जा पर चाकू से वार

कोतवाली थाना अंतर्गत दुर्गाई मोहल्ला में कोतवाली क्षेत्र में बहन को छोड़ने आए भाई और उसके भांजे पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे मामला भांजे दोनों घायल हो गये। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटी आई चुंगी चौकी निवासी ई रिक्शा चालक अमन चौधरी अपनी बहन को छोड़ने चेरीताल दुर्गाई मोहल्ला आया था, यहां निशांत शर्मा, दीपक विश्वकर्मा व अन्य ने गाली गलौच करते हुये अमन चौधरी पर चाकू से हमला किया। उनके मामा आकाश चौधरी बीच बचाव करने आए तो मामा आकाश पर भी चाकू से हमला कर दिया और अमन के पिता केदार को धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### खमरिया में हत्या का प्रयास

इसी प्रकार खमरिया थाना अंतर्गत ग्राम रिठौरी कलां निवासी 24 वर्षीय हर्ष कोल अपने छोटे भाई गौरव 18 वर्ष के साथ वर्धाघाट रिश्तेदार के घर से होली में टीका लगवाकर लौट रहा था। वर्धाघाट पीपल के पेड़ के पास अन्ना नामक युवक ने रोककर पुरानी रंजिश पर गाली गलौज शुरु कर दी। गौरव ने विरोध किया तो अन्ना ने चाकू निकालकर हत्या के इरादे से उसपर हमला कर दिया। हमले में गंभीर चोटें आने के कारण गौरव को जिला अस्पताल में भरती कराया गया। खमरिया पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपी विष्णु दाहिया उर्फ अन्ना को गिरफ्ततार कर लिया।

### घर में घुसकर जानलेवा हमला

इसी तरह अधारताल थाना अंतर्गत कटरा मोहल्ला में पुरानी रंजिश को लेकर कृ ष्णा पटेल के घर में घुसकर राज केवट व पप्पू रैकवार ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में कृष्णा के पिता अशोक पटेल को गंभीर चोटें आई। कृष्णा ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की। अधारताल पुलिस ने बताया कि धारा 109 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### भतीजे को फरसा मारा

जिले के ग्रामीण क्षेत्र सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम मढ़ई पथरोई निवासी राजमिस्त्री धर्मेन्द्र चौधरी ने धुरेड़ी के दूसरे दिन बच्चे रंग खेल रहे थे। जिन्हे देख धर्मेन्द्र ने मना किया। शोर सुनकर उसके चाचा सुरेश चौधरी आ गया उसने बच्चों को डांटने से मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। गुस्साए सुरेश चौधरी ने फरसा निकालकर भतीजे धमेन्द्र पर हमला कर दिया। हमले में धमेन्द्र के सिर पर गंभीर चोटें आई।

### केन्ट में चाकूबाजी, 3 घायल

केन्ट थाना अंतर्गत गली नम्बर 22 में मोबाईल की दुकान चलाने वाले विजय उर्फ सोनू श्रीवास्तव की दुकान पर होलिका दहन की रात को एक व्यक्ति पहुंचा और रेलवे टिकट बुक कराने के लिए कहा। सोनू ने कहा कि दुकान बंद रहेगी। इस बात पर उक्त व्यक्ति विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ते देख वहीं पर खड़े रीतेश तिवारी ने गाली बकने से मना किया। उक्त व्यक्ति चला गया, कुछ पल बाद लौट कर आया तो रीतेश पर चाकू से हमला कर दिया। रीतेश पर हमला होते देख सोनू व पुरुषोत्तम ने बीच बचाव किया तो उनपर भी हमला कर दिया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर प्रकरण दर्ज कर लिया।

### घर के बाहर बुलाकर तलवार मारी

अधारताल थाना अंतर्गत संजय नगर में के संजय नगर में घर से बुलाकर युवक पर तलवार से हमला किया गया। अधारताल पुलिस के मुताबिक लकी रजक होली के दिन घर में था। तभी संजयनगर दुर्गा चौक निवासी अभिषेक उर्फ कंजड़ घर के सामने आया और लकी को आवाज देकर बुलाया। लकी के बाहर आने पर अभिषेक ने शराब पीने रुपयों की मांग की। मना करने पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में लकी के हाथ में चोट आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### चंडाल भाटा में तलवार बाजी

गोहलपुर थाना अंतर्गत चंडालभाटा क्षेत्र में किराना दुकान में सामान लेने गये कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले छात्र सूर्या मलिक पर दो बदमाशों ने गाली गलौच कर तलवार से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक सूर्या घर का सामान लेने के लिए किराना दुकान गया। यहां पर पहले से खड़े साहिल कोल एवं विकास कोल गाली गलोज करने लगे। सूर्या ने मना किया तो तलवार से हमला कर दिया। हमले में सूर्या के सिर में गंभीर चोटें आई। गोहलपुर पुलिस ने घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया।



## जादूगरों को किया सम्मानित

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में प्रख्यात जादूगर एस.के.निगम के 77 वाँ जन्मदिन भव्यता से मनाया गया। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने रंगों के पवित्र पर्व होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही एसके निगम जो कि जादू के क्षेत्र में उच्च श्रेणी के कलाकार है,उनकी 77वाँ जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जादू, भारत की एक प्राचीन कला है और यह कला इतनी विख्यात थी, कि लोग भारत को ही जादूगरों का देश कहने लगे थे। दुनिया में विख्यात कलाकार भारत में ही पैदा हुए और भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि अन्य कलाओं के संरक्षण की तरह जादू कला का संरक्षण भी होना चाहिए, जो दिशा भ्रम,मन के भ्रम के साथ कौतूहल व मन की शांति भी पैदा करती है। उन्होंने संस्कारधानी से इस कला का संरक्षण करने वाले कलाकारों का शाल,साफा व अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, लुधियाना पंजाब से जादूगर मोगेंबो, हैदराबाद से श्यामला वैद्य, जयपुर से हरीश यादव के साथ शहर के प्रतिष्ठित लोग व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# स्कूली छात्रों को पढ़ाएंगे व्यावसायिक पाठ्यक्रम

**जबलपुर।** नई शिक्षा नीति में स्कूली विद्यार्थियों को व्यावसायिक ओर रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम से जोडऩे की पहल की गई थी। इसी तारतम्य में प्रदेश सरकार की ओर से स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजा गया है। संभवत नए सत्र में अलग अलग चरणों में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम से जोड़ा जाएगा।कृषि, डेयरी, कंस्ट्रक्शन, फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनर, मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग, ऑफिस असिस्टेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, जूनियर टेक्नीशियन, माइक्रोफाइनेंस आदि विषयों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच अलग-अलग चरण में लागू किया जाएगा, ताकि वह आज के समय से बाजार की मांग और आवश्यकता अनुसार खुद को तैयार कर सकें। नई शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार से जोडऩे के लिए यह कवायत की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा में नए पाठ्यक्रम को जोडऩे के लिए प्रस्ताव भी दिल्ली भेज दिया गया है। इसमें हाई स्कूल कक्षा 9वीं और 10 एवं हाई सेकेंडरी कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए अलग अलग स्तर पर विषय वार कोर्स को लागू किए जाने के लिए स्पष्टीकरण भी चाहा गया है। संभवत नए शैक्षणिक सत्र में व्यावसायिक कोर्स की शुरुआत होगी, हालांकि की पूरी तरह व्यावसायिक पाठ्यक्रम को लागू करने में अभी कुछ समय और लगेगा पर इसकी शुरुआत तो हो ही जाएगी।

**ताकि बाजार की जरूरत के हिसाब से शिक्षा हासिल कर सकें, केंद्र सरकार को भेजा प्रस्ताव**

### शिक्षकों को कर रहे तैयार... प्रशिक्षण भी देंगे

व्यवसाय और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम स्कूल में पढऩे के लिए शिक्षकों को अभी से तैयार रहने और उनकी मनः स्थिति को बनाने की कवायद शुरू हो गई है, जो शिक्षक तकनीकी ज्ञान में रुचि रखते हैं, उनकी सूची बनाई जा रही है और जो नवीन पाठ्यक्रम के विषय शिक्षक पढऩा चाहते हैं उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी, संभवत अप्रैल मई महीने में भोपाल में मास्टर ट्रेनर की ट्रेनिंग होगी।

### स्कूलों में तैयारी नहीं

नई शिक्षा नीति के बाद वर्तमान शैक्षणिक सत्र में ही स्कूल प्राचार्यों एवं प्रबंधन को नए कोर्स के बारे में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अब फिर से नए संशोधन को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

# जबलपुर में बनेगी फ्लाईओव्हरों की श्रृंखला

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**जबलपुर।**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने यहां कहा कि उन्होंने हमेशा चुनाव के दौरान शाश्वत विकास की बात कही थी। पिछले एक साल में उन्होंने लोक निर्माण विभागित्व का निर्वहन करते हुये इस दिशा में प्रयास किया। श्री सिंह ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में डॉ। मोहन यादव के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार में विकास दुगनी गति से हो रहा है। जिले में फ्लाईओवर की विस्तृत श्रृंख्ला का विकास होगा। जिससे शहर का यातायात सुधरेगा। श्री सिंह यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकार वार्ता में सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक सुशील तिवारी, अभिलाष पांडे, निगमाध्यक्ष रिंकू विज एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल भी उपस्थित थे। श्री सिंह ने यहां कहा, "मैंने जबलपुर के विकास के लिए हमेशा शाश्वत विकास की बात की है और इस दिशा में कार्य कर रहा हूँ। जबलपुर में यातायात, सड़क और फ्लाईओवर की श्रृंखलाओं के निर्माण से शहर के विकास को एक नया आयाम मिलेगा।



श्री सिंह ने यहां बताया, जबलपुर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए फ्लाईओवर की श्रृंखलाएं बनाई जा रही हैं, दमोहनाका से मदनमहल तक 1100 करोड़ रुपए लागत का फ्लाईओवर बनकर तैयार हो रहा है। वहीं सगड़ा बायपास पर आरओबी सह फ्लाईओवर (76 करोड़), एम्पायर तिराहा से पेंटीनाका तक फ्लाईओवर (43 करोड़), संजीवनी नगर से ज़ीरो डिग्री तक फ्लाईओवर (180 करोड़) और विक्रमपुर भिटोनी स्टेशन पर आरओबी निर्माण (62 करोड़) शामिल हैं। इन फ्लाईओवरों के निर्माण से जबलपुर के यातायात में सुधार होगा और शहर में आवागमन की सुविधा सुगम हो सकेगी।

### चारों तरफ सड़क का जाल

उन्होंने कहा, जबलपुर में प्रदेश की सबसे बड़ी रिंग रोड का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके तहत शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों का उन्नयन किया जा रहा है, जिनमें जबलपुर से पाटन तक फोरलेन सड़क (25.15 किमी, लागत - 140 करोड़), तिलवारा चरगंवा मार्ग का चौड़ीकरण (6.17 किमी, लागत - 62.77 करोड़), पिपरिया से रांझी मार्ग (7.15 किमी, लागत - 44 करोड़) शामिल हैं। इसके साथ ही, प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्गों का भी उन्नयन किया जा रहा है, जैसे ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक मार्ग (4.16 किमी, लागत - 32 करोड़) और भेड़ाघाट फोरलेन मार्ग (3.135 किमी, लागत - 20 करोड़)। व्हाइट टॉपिंग पद्धति से सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है, जिसमें साईं मंदिर आदर्श नगर से ग्वारीघाट तक (2.15 किमी, लागत - 25 करोड़), रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से इलाहाबाद बैंक चौक तक (3.108 किमी, लागत - 15.151 करोड़), और कटंगा तिरहा से छोटी लाइन फाटक तक (1.15 किमी, लागत - 10 करोड़) प्रमुख हैं, जिनसे शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर और यातायात व्यवस्था मजबूत होगी।

## हिन्दी का प्रयोग कामकाज में ईमानदारी से करें: रेल जोन जीएम

**जबलपुर।** क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 68वीं बैठक को समिति अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर राजभाषा विभाग, पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा सरिता' के 52वें अंक का भी विमोचन किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्रीमती बंदोपाध्याय ने कहा कि हिंदी का प्रयोग-प्रसार एक सामूहिक प्रयास है इसलिए हम सभी को सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने की दिशा में ईमानदारी से प्रयास करना होगा। उन्होंने पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रेलवे बोर्ड एवं गृह मंत्रालय की विभिन्न पुरस्कार योजनाओं में पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी, साथ ही सभी विभाग प्रमुख एवं समिति सदस्यों को गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने राजभाषा विभाग द्वारा किये गए उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्यो की जानकारी दी। बैठक में समिति सदस्य एवं विभाग प्रमुख व उनके प्रतिनिधि अधिकारीगण स्वयं तथा मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक व कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक ऑन लाइन उपस्थित थे।

### रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वृहद युवा संगम आज

**जबलपुर।** युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 17 मार्च को वृहद युवा संगम कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक रोजगार श्री एम एस मरकाम ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय मॉडल आई.टी.आई जबलपुर, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की लगभग 40 कंपनियों द्वारा 700 पदों पर आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में कक्षा दसवीं, बारहवीं एवं स्नातक तथा आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा धारी 18 से 30 वर्ष की आयु के युवा आवेदन कर सकेंगे। मेले में स्वरोजगार से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी युवाओं को प्रदान की जाएगी। रोजगार मेले में आवेदकों को सुबह 11 बजे अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# गेहूं-चने की फसल खेत में तैयार....

## आसमान में बादल... किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

**जबलपुर।** आसमान में बादल छा जाने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं, खेतों में गेहूं, चने और अन्य फसल तैयार खड़ी है, ऐसे में अगर बूंदाबांदी और बारिश से नुकसान की आशंका से किसान परेशान है। जल्दी फसल काटने के लिए हार्वेस्टर मशीन वालों के यहां लंबी कतार किसानों की लगी हुई हैं।

प्रदेश में रबी सीजन में गेहूं के अलावा अन्य फसलों में चना, आलू, मटर प्याज, लहसून आदि की फसल किसानों ने लगाई है। मौसम के परिवर्तन से किसानों को परेशानी में डाल दिया है। खेतों में गेहूं व अन्य फैसले तैयार खड़ी है। आसमान में बादलों चिंता को ओर बढ़ा दिया है। किसान जल्दी में फसल काटने की जुगत में लगे है और इसके लिए हाईवेस्टर मशीन वालों के पास बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, मशीनों की संख्या कम है और गेहूं कटाई कराने वाले किसान हजारों में, सभी जल्दी कर रहे हैं कि हमारी फसल पहले कट जाए और मौसम की विपरीत परिस्थिति का असर ना गिरे।

**बोले किसान... फसल अच्छी पर मौसम की मार**

किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल तैयार खड़ी है। फसल की क्वालिटी और उत्पादन क्षमता भी अच्छी नजर आ रही है लेकिन आसमान में बादल और बूंदाबांदी ने परेशानी खड़ी कर दी है। अगर बारिश होती है तो किसानों के साथ बड़ी दिक्कत खड़ी हो जाएगी। अभी 10 से 15 फीसदी गेहूं की कटाई मुश्किल से हुई है। इस बार अच्छी फसल की उम्मीद में दुगना खर्च किया है और अब मौसम उनकी परीक्षा ले रहा है।

## तीन स्टेज पर जांची जा रही बोर्ड परीक्षाओं की आंसरशीट

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की ओर से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस बार मूल्यांकनकर्ताओं को भी प्रशिक्षण दिया गया है। अब तीन स्तरों पर मूल्यांकन होगा। इसमें मुख्य परीक्षक, उप मुख्य परीक्षक और परीक्षक शामिल हैं। इस संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अगर किसी विद्यार्थी ने एक ही प्रश्न के उत्तर को कई बार लिखा है, तो परीक्षक अपने विवेक से एक ही उत्तर का मूल्यांकन करेंगे और एक ही उत्तर के अंक गणना में लिए जाएंगे। साथ ही परीक्षक के उत्तरपुस्तिका जांचने के बाद उप मुख्य परीक्षक पुनः परीक्षण करेंगे कि कहीं कोई त्रुटि तो नहीं है। अगर अंक भरने में गलती मिलेगी तो परीक्षक और उप मुख्य परीक्षक दोनों पर कार्रवाई होगी।बता दें कि प्रदेश के करीब 17 लाख विद्यार्थियों की 90 लाख कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 40 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। दूसरे चरण का मूल्यांकन 21 मार्च से शुरू होगा। निर्देशित किया गया है कि एक शिक्षक को एक दिन में न्यूनतम 30 और अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा। साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद ऑनलाइन अंक प्रविष्टि की जाएगी। संबंधित शिक्षक द्वारा अंकों की प्रविष्टि करने के बाद इच्छुक होने पर 15 उत्तरपुस्तिकाएं और प्रदान की जा सकती हैं। बिना बारकोड लगे उत्तरपुस्तिकाओं को मंडल कार्यालय भेजना होगा।

# फोन लगाकर डॉक्टर से अपाइंटमेंट बुक कर सकेंगे मरीज

## आयुष्मान भारत के हितग्राहियों के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

**हरिभूमि, जबलपुर।**

आयुष्मान भारत निरामय योजना के हितग्राहियों के साथ हो रही धोखेबाजी और परेशानियों को कम करने के लिए अब टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। इस नम्बर के माध्यम से न केवल डॉक्टर के अपाइंटमेंट बुक हो सकेंगे,बल्कि किस अस्पताल में किस बीमारी का इलाज उपलब्ध है इसकी भी जानकारी दी जाएगी।

आयुष्मान भारत निरामय योजना के अन्तर्गत निरामय हेल्पलाइन पर सुविधाओं को बढाया जा रहा है। जारी किए गए नम्बर 18002332085 पर अब राज्य




शासन ने कॉल कर स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी देने के साथ-साथ डॉक्टरों की सूची भी तैयार कर ली है। टेलीकॉलर को हितग्राही द्वारा बीमारी की जानकारी देने पर निकटतम अस्पताल में ना केवल डॉक्टर का अपाइंटमेंट लेकर हितग्राहियों को सूचित किया जाएगा बल्कि बिना लाइन में लगे मरीज को तत्काल इलाज भी मिल सकेगा। आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का आभा आईडीए पंजीयन कर डिजिटल कार्ड बनाया जाएगा, ताकि मरीज की सभी बीमारियां इलाज के साथ उनकी जांच रिपोर्ट को भी एक जगह पर संधारित किया जा सके। योजना के अन्तर्गत प्रदेश के कई जिलों को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। सबसे पहले यहीं के मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### कार्यकर्ता देंगी घर-घर जानकारी

आयुष्मान भारत योजना के तहत जो सुविधाएं हितग्राहियों के लिए शामिल की जा रही है उनकी जानकारी देने के लिए सभी अस्पतालों के प्रबंधक व महिला बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। कार्यकर्ता विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के दौरान आयुष्मान की इस सेवा और सुविधा का प्रचार-प्रसार घर-घर जाकर करें।

## बड़ों से लेकर बच्चों तक ने खेली जमकर होली

# खूब उड़ा रंग और गुलाल बहनों ने लगाया टीका

हहरिभूमि न्यूज सिहोरा।

रंगों के महापर्व होली पर बडो से लेकर बच्चों तक ने जहां रंग और गुलाल से जमकर होली खेली वहीं अनेक लोगो ने जगह जगह पार्टी कर धुरेड़ी का पूरा लुप्त उठाया । होली की उडदंग और शराब के नशे में.नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो मेंअनेक छुटपुट घटनाएं घटित होनी की जानकारी मिली थी। होली के दुसरे दिन जहां सडको पर दुपहिया वाहन ही इक्का दुक्का चले तो दो दिनो तक लगभग नगर का पूरा बाजार बंद रहा । हालाकि प्रशासन और पुलिस की सक्रियता के चलते दो दिनो में कोई बडी वारदात नही हो पाई क्योंकि पुलिस ने होलिका दहन के दिन से ही पुलिस व्यवस्था में कसावट ला दी थी और जहां तहां फिक्स प्वाइंट बनाकर टीमे तैयार कर तैनात कर दी थी। मान्यता के अनुसार होली में लगाया जाने वाला लाल रंग प्यार का प्रतीक है नीला भगवान कृष्ण का प्रतिनिधित्व करता है, और हरा रंग नई शुरुआत का प्रतीक है।





### बहनों द्वारा लगाये जाने वाले मंगल टीका का है बहुत महत्व

धुरेडी के बाद बहनों के द्वारा भाईयों के माथे पर लगायें जाने वाले मंगल टीका लगाने का अपना अलग ही महत्व है मान्यता के अनुसार बहन की सेवा को देखकर यम बेहद खुश हुए और यमुना से कोई वर मांगने के लिए कहा। इसके बाद यमुना ने उनसे वचन लिया कि हर साल कार्तिक माह के शुक्ल द्वितीया तिथि पर वह मेरे घर आकर भोजन किया करें। यमराज ने भी उन्हें तथास्तु कहते हुए उन्हें तरह-तरह की भेंट भी दी। तभी से भाई दूज के पर्व को मनाने की शुरुआत हुई। रविवार को घर घर में भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बहनो ने अपने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनसे अपनी रक्षा का बचन लिया एंव उनकी लम्बी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी बहन को अनेक उपहार देकर उनके चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया।दो दिनो में जहां नगर में अनेक होली के कार्यक्रम आयोजित किए गये तो वहीं गांवों में फागों के आयोजन संपन्न हुए। अभी रंगपंचमी तक रंग गुलाब का दौर चलता रहेगा।







## रघुपति राघव राजा राम, प्राण बचाओ सीताराम

# रंगोत्सव पर हुआ कवि सम्मेलन

**जबलपुर।** होली के पावन पर्व पर डॉ सुधीर तिवारी के अस्पताल प्रांगण में पर शानदार हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें नगर के रचनाकारों में राजसागरी, शेख निजामी, मोहन शशि,सूरज राय सूरज,मोहन शशि,आलोक पाठक ने शानदार कविताएं सुनाकर उपस्थित श्रोताओं की वाहवाही बटोरी । हास्य सम्राट के. के. नायकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में उपस्थित श्रोताओं को खूब हंसाया। राजसागरी ने अपने अंदाज में पढ़ा, दांव पेच कद काठी ओ की कच्छु नईयां..और दंगल में नाम लिखा लओ जो का कर लओ.. तो वहीं शेख निजामी ने कहा - पतलून सिर्फ चार बचे थे किसी तरह, दो आरजू में फट गए दो इंतजार में. सूरज राय सूरज ने कहा आज वसीयत करने वाले हैं बाबूजी, घर के सारे भाई इकट्ठे बैठे हैं।

नारी सम्मान पर आलोक पाठक ने जो पंक्तियां प्रस्तुत की उसने वाहवाही बटोरी, पाठक ने पढ़ा, तुम ही मेरी सीता सरस्वती सावित्री उमा हो..तुम ही मेरे जीवन की जीवंत सुषमा हो. वहीं कवि मोहन शशि ने क्रिकेट मैच पर सुनाई रचना में कहा कंगारू फंस गए फिरकी के जाल में, तरस आओ हमें उनके इस हाल में. कवि सम्मेलन का उत्कृष्ट संचालन करते हुए इंजी.विनोद नयन ने महंगाई पर शानदार पैरोडी प्रस्तुत की रघुपति राघव राजा राम, प्राण बचाओ सीताराम. अंत में डॉ. सुधीर तिवारी ने सभी को शाल, मानपत्र, माला से सम्मानित किया बड़ी संख्या में नगर के चिकित्सक, पत्रकार कलाकार उपस्थित रहे।



# एम.पी. ट्रांसको में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की मातृशक्तियों के लिये एक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ. संजय मिश्रा के विशेष सहयोग से तरंग ऑडोटोरियम रामपुर में किया गया। कैंप के प्रारंभ में एम.पी. ट्रांसको के सलाहकार अजय श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता अतुल जोशी एवं एस.सी. घोष ने वरिष्ठ महिला चिकित्सकों का स्वागत किया। एम.पी. ट्रांसको एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का फायदा उठाते हुये बड़ी संख्या में महिला कार्मिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैंप में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, नि:शुल्क दवा वितरण, पैथालॉजी चेकअप किया गया। एम.पी. ट्रांसको की ओर से हेल्थ कैंप की संयोजक श्रीमति क्षमा शुक्ला के साथ आर के दीक्षित,सुअंजु नीखरे, श्रीमति श्रद्धा तिवारी, श्रीमति नुसरत सिद्धकी, रिशिका उईके, सुरेश त्रिवेदी, इकबाल खान, तरूण विजयकर, सुमंत मिश्रा ने अपनी वालिंटियर सर्विसेस देकर कैंप को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. विनिता लूनावत, डॉ. अनुपमा पटेल, डॉ. अंशु साहनी, डॉ. राखी वाजपेयी, डॉ. निशा साहू के अलावा नर्सिंग आफिसर/फार्मिस्ट प्रतिभा डेविड, वर्षा नागेश्वर, दीप्ति चढ़ार, मीना ठाकरे, सरिता वर्मा, सरला धुर्वे, शिल्विया शर्मा, आश्रिता कुरैशी, सायनीय मालवीय, सोनम साहू एवं राहुल मेश्राम ने सहयोग किया।

### शिव मंदिर बाबाताल में यज्ञ का आयोजन 19 से

**सिहोरा।** शिव मंदिर बाबाताल में 36 वां हवनात्मक तथा महाअभिषेकात्मक श्री महारुद्रयज्ञ एंव भागवत कथा का आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ होगा। भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा एंव नृसिंह टेकरी के ब्रम्हलीन संत द्वारका दास जी महाराज की कृपा से सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर में विश्वशांति मानव कल्याण के उद्देश्य को लेकर आयोजित यज्ञ में भागवताचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री जहां भागवत कथा की मीमांसा करेंगे वहीं यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री होंगे। यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया यज्ञ की मंगल कलशयात्रा निकलेगी जो पुराना बस स्टेंड, गौरी तिराहा, आजाद चौक, झंड़ा बाजार, काल भैरव चौक, मैना कुआं, हरदौल मंदिर से होकर यज्ञ स्थल पर संपन्न होगी।

## मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में नाकाम नगर परिषद् भेड़ाघाट

# सरस्वतीघाट में महिलाओं को वस्त्र बदलने में हो रही परेशानियां

हरिभूमि भेड़ाघाट।

सरस्वती घाट का अपना अलग महत्व हैं इसे बाणगंगा संगम भी कहा जाता है हजारों की संख्या में नर्मदा प्रेमी श्रद्धालुजन, स्नान करने आते हैं। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा यहां की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रही हैं महिला ओ को स्नान करने के बाद वस्त्र बदलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों द्वारा बरसात में बाढ़ के कारण महिलाओं को वस्त्र बदलने वाले टम्पालो को ऊपर घाट पर रख दिए थे बाढ़ में क्षति ग्रस्त ना हो लेकिन नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारी भूल गए कि बरसात के चार माह बाद भी महिलाओं को वस्त्र बदलने में हो रही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वैसे महिलाओं को वस्त्र बदलने है दो से तीन टम्पाल नुमा रखें थे अब एक मात्र सिंगल बचा है और दो टम्पाल कबाड़ में ऊपर पड़े हैं और यह भी कबाड़ में कब बिक जाये कहा नहीं जा सकता है नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा शासकीय राशि का किस तरह दुरुपयोग किया जा रहा है इसका जीता जागता उदाहरण सरस्वती घाट में फैली अव्यवस्था ओं को देख कर लगता है कि सिर्फ नगर परिषद के जिम्मेदारों द्वारा मैला एवं नाव से आय पर ध्यान रहता है पर्यटकों श्रद्धालुओ को होने वाली दिक्कतों से कोई सरोकार नहीं है तभी तो सरस्वती घाट में अव्यवस्था फैली हुई हैं शासन प्रशासन शीघ्र जिम्मेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए।





### सरस्वती घाट पर शौचालय तक नहीं

मां नर्मदा के घाटों को स्वच्छ बनाए रखने हेतु केन्द्र सरकार या राज्य सरकार स्वच्छता पर फोकस कर रही हैं विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट विफल साबित हो रही हैं यहां के जिम्मेदारों को खानापूर्ति करना आता है घाटों का विकास या पयर्टकों की जरूरतों का सिर्फ ढीढोरा पीटा जाता है तभी तो सरस्वती घाट में नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा एक भी शौचालय नहीं बनवाया गया है किसी पर्यटकों या श्रद्धालुओ को शौचालय नहीं होने से कितनी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट को पर्यटक कोसते हैं कि घाटों पर कोई व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालु पर्यटक समस्याओं से जूझ रहे हैं नगर परिषद के जनप्रतिनिधि या अधिकारी सिर्फ मुंह बजाते हैं उनको सिर्फ आमदानी से मतलब है सरस्वती घाट पर फैली अव्यवस्था पर प्रशासन शीघ्र ध्यान दें और नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारियों कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाये।

## सम्मान के साथ कंट्रोल रूम प्रभारी रविन्द्र सिंह को दी गई अंतिम विदाई

# कुशल कार्यशैली के लिए हमेशा याद आएंगे सबके चहेते बड्डे





हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी में पुलिस प्रेस और पब्लिक के बीच सेतू का काम करने वाले कर्तव्य परायण व निष्ठावान कंट्रोल रूम प्रभारी बड्डे के नाम से लोकप्रिय टीआई रविन्द्र सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। विश्वास ही नहीं होता की सिंह परिवार पर 15 दिन के अंदर दूसरा वज्रपात हुआ। अभी 15 दिन पहले ही उनकी माता जी का निधन हुआ था। टीआई श्री सिंह को पीलिया बिगड़ जाने के कारण चार दिन पहले ही नागपुर के मेडाज हास्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां 15 मार्च की सुबह 6 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। महज 59 साल की उम्र में अल्प बीमारी के दौरान उनका निधन जिला पुलिस बल के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनके निधन का समाचार आते ही पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर छा गई और पुलिस विभाग का होली मिलन कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। रवीन्द्र सिंह ने अपने अंतिम दिनों में भी उसी अंदाज में विदाई ली, जैसे वे जीवन में जिंदादिली और समर्पण के प्रतीक बने हुए थे।

### हर परिस्थिति कंट्रोल करने में थी महारत

हर दिल अजीज रविन्द्र सिंह की कार्यशैली के कारण तमाम आईपीएस अधिकारियों की वह पहली पसंद होते थे। कंट्रोल रूम से किसी भी विषम परिस्थिति जिले को अच्छे ढंग से कंट्रोल करने में उन्होंने महारत हासिल की थी। पुलिस के मुखबिर तंत्र के वे अच्छे ज्ञाता थे, गुप्त सूचनाओं के आधार पर वे परिस्थितियों से अधिकारियों को अवगत कराकर विपरीत परिस्थितियों को कानून व्यवस्था के अनुकूल बनाने में दक्ष थे।

### अंतिम विदाई देने उमड़ा हर वर्ग

उनकी कार्यशैली ने उन्हें हर वर्ग के लोगों में एक विशेष स्थान दिलाया था। रवीन्द्र सिंह का अंतिम संस्कार रविवार को पुलिस सम्मान सलामी के साथ किया गया। जिसमें उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। इस अंतिम विदाई में न केवल पुलिस अधिकारी और नेता, बल्कि व्यापारी, पत्रकार और शहर के हर वर्ग के लोग शामिल हुए थे। श्मशान भूमि पर हर आंख नम थी, और उनके योगदान को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं की जा रही थीं।

### पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

अंत्येष्टि के पूर्व पुलिस लाइन स्थित रक्षित निरीक्षक कार्यालय में आईजी अनिल सिंह कुशवाह, डीआईजी अतुल सिंह, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय, एसपी एसबी आशीष खरे, लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने श्री सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी समर वर्मा, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, एएसपी सोनाली दुबे, एएसपी प्रदीप शेंडे समेत सीएसपी, थाना प्रभारी, अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।




**श्री पीडी शर्मा-** शिवानी काम्पलेक्स गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री पीडी शर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बबलू बर्मन-** मांडवा टेंडर 2, रामपुर निवासी श्री केशरी बर्मन के पुत्र श्री बबलू बर्मन (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा चौधरी-** तुलसीदास का बगीचा पंजाब बैंक कॉलोनी निवासी श्री सुनील चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रवींद्र सिंह-** रिजर्व पुलिस लाइन इंदिरा मार्केट के पास सिविल लाइन निवासी श्री रवींद्र सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवी लाल चौरसिया-** बेलबाग थाने के सामने निवासी श्री देवी लाल चौरसिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बचऊ लाल केशरवानी-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री बचऊ लाल केशरवानी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद सतनामी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री नारायण दास सतनामी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला शर्मा-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री केशव प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई सोनी-** हनुमानताल थाने के पीछे खेरमाई वार्ड निवासी श्री महेश प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई सोनी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सचिन चौधरी-** गली नं. 1, बादशाह हलवाई मंदिर के पास नर्मदा रोड निवासी श्री बाबूलाल चौधरी के पुत्र श्री सचिन चौधरी (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री बाबू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी चौधरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दयाराम महावर-** तिलहरी बिलहरी निवासी श्री दयाराम महावर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप चौहटेल-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी बाल किशन चौहटेल के पुत्र श्री दिलीप चौहटेल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विनोदिनी बेन दवे-** आरती डायस अपार्टमेंट सिविल लाइन निवासी श्री प्रद्युन दवे की धर्मपत्नी श्रीमती विनोदिनी बेन दवे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूर्यबली-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री सूर्यबली (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दिलीप पटेल-** चौथा मील बिलहरी निवासी श्री दिलीप पटेल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन दास सोनवानी-** इंद्रा बस्ती गौराव तालाब के पास गढ़ा रोड निवासी श्री मोहन दास सोनवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भगवान दास दहायत-** शिवाजी नगर रामपुर निवासी श्री भगवान दास दहायत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री पूनम ठाकुर-** पोलीपाथर नर्मदा नगर निवासी श्री महेश सिंह ठाकुर की पुत्री सुश्री पूनम ठाकुर (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फुन्दो बाई-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री बाबू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती फुन्दो बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कुंता बाई केवट-** राइट टाउन निवासी श्री जगदीश प्रसाद केवट की धर्मपत्नी श्रीमती कुंता बाई केवट (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवकांत सतनामी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री शारदा प्रसाद सतनामी के पुत्र श्री शिवकांत सतनामी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजीव जाटव-** पीरजी का बगीचा सदर निवासी श्री जवाहर लाल जाटव के पुत्र श्री राजीव जाटव (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरस्वती बाई साहू-** कांचघर पुलिस लाइन निवासी श्री खुमान साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई साहू (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती द्रोपती बाई राजपूत-** मांडवा रामपुर छापर निवासी श्री शीतल प्रसाद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई राजपूत (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री सुरेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज कुशवाहा-** मुड़वारा कटनी निवासी श्री जगन्नाथ कुशवाहा के पुत्र श्री मनोज कुशवाहा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक राव अतुलकर-** घंटाघर के पास बड़ी ओमती निवासी श्री अशोक राव अतुलकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम गोपाल कुशवाहा-** सिद्धबाबा वार्ड छोटी खेरमाई के पास निवासी श्री कंधी लाल कुशवाहा के पुत्र श्री राम गोपाल कुशवाहा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश गुप्ता-** गली नं. 5 सदर निवासी श्री ओम प्रकाश गुप्ता (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती माया रानी पांडे-** गौतमगंज गढ़ा निवासी श्री कृष्ण कुमार पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती माया रानी पांडे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई जायसवाल-** गलगला निवासी श्री राम प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई जायसवाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुमन बर्के-** गंगासागर रोड निवासी श्री प्रहलाद बर्के की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन बर्के का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आरपी अग्रवाल-** पत्रकार कॉलोनी रानीताल निवासी अधिवक्ता श्री आरपी अग्रवाल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद बेन-** भानतलैया निवासी श्री आनंद बेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छोटी बाई अहिरवार-** सिंधी कैंप करियापाथर रोड निवासी श्री शिव प्रसाद अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई अहिरवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी बाई यादव-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री पुरुषोत्तम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हीरा बाई ठाकुर-** गजानंद परिसर समदड़िया ग्रीन सिटी रोड निवासी श्री चंदन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई ठाकुर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**आर्यन बर्मन-** भोला नगर बाबा टोला निवासी श्री राजकुमार बर्मन के पुत्र आर्यन बर्मन (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्कवायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात में बोले सीएम

# 'अब विमानन प्रशिक्षण का नया हब बनने जा रहा जशपुर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के आगडीह हवाई पट्टी में 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैडेट्स के अनुभव सुने और जशपुर में पहली बार शुरू हुए विमान उड़ान प्रशिक्षण को एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि जशपुर अब केवल पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र नहीं, बल्कि विमानन प्रशिक्षण का नया हब भी बन रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। अब युवा पायलट बनने का भी सपना साकार कर सकते हैं, जिसके लिए सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर माइक्रो लाइट एयर स्क्वाड्रन विमान का अवलोकन किया और उसकी तकनीकी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



कैडेट्स को जशपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जाए, ताकि वे जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिचित हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर में काजू, चाय पत्ती, नाशपाती और सेब की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है, जिससे यहां की कृषि को नया आयाम मिला है।

### कैडेट्स में दिखा अपार उत्साह

*जशपुर जिले में 7 मार्च 2025 से कैडेटों को सुबह विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान विमान आकाश में उड़ान भरने के बाद सुरक्षित लैंड करता है, जिससे कैडेट्स को व्यावहारिक अनुभव मिलता है। रायपुर से बाहर पहली बार जशपुर जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिससे कैडेट्स में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। यहां सिंगल इंजन ट्विन-सीटर वायरस एसडब्ल्यू-80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ सकता है। हालांकि, फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1,000 फीट की ऊंचाई तक ही उड़ान संचालित की जा रही है। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि एनसीसी एयर विंग के 'सी' सर्टिफिकेट में उच्च ग्रेडिंग प्राप्त करने वाले कैडेट्स सीधे एयरफोर्स इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं, जिससे यह प्रशिक्षण उनके सुनहरे भविष्य की नींव रखता है।*

### प्रशिक्षण के लिए वातावरण उपयुक्त

*प्रशिक्षु नितेश प्रजापति ने बताया कि जशपुर का स्वच्छ और खूबसूरत वातावरण उड़ान प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने कहा, मेरा सपना एयरफोर्स पायलट बनने का है, और यह प्रशिक्षण मुझे उस दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा। प्रांशु चौहान ने बताया कि जशपुर में एयर ट्रैफिक साफ-सुथरा रहता है, जिससे उड़ान में कोई बाधा नहीं आती। रनवे भी पूरी तरह से क्लियर रहता है, जिससे प्रशिक्षण बिना किसी रुकावट के संचालित हो रहा है। सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजीअंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।*

---

विधानसभा में नई परंपराएं और व्यवस्था स्थापित करने के लिए विस अध्यक्ष तोमर का सीएम डॉ. यादव ने माना आभार

# पर्यटकों की संख्या वर्ष 2003 में 64 लाख 2025 में बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण पर विधानसभा में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप अपनी बात रखकर विपक्ष का मत सुनते और उसका उपयुक्त



उत्तर देते हुए मप्र विधानसभा की व्यवस्था संचालित हो रही है।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का विधानसभा में नई परम्पराएं और व्यवस्था स्थापित करने के लिए आभार मानते हुए कहा कि बदलते दौर में समय के महत्व को पहचानते हुए व्यवस्थाओं में बदलाव आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण नए लक्षण और रणनीतियों को समाहित करते हुए मध्य प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप है। यह हमारे समय के महान विभूतियों की विचार दृष्टि को समाहित करता है। अभिभाषण में महात्मा गांधी की विश्व दृष्टि, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की सोच और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास दृष्टि का समावेश है।

### फिल्म शूटिंग हब बना प्रदेश

*पर्यटन नीति से प्रदेश फिल्म शूटिंग हब भी बन रहा मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि बेहतरीन फिल्म पर्यटन नीति से प्रदेश फिल्म शूटिंग हब भी बन रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने हेलीकॉप्टर और हवाई सेवा शुरू की गई है। प्रदेश में होम-स्टे को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन के लिए भी हेली सेवा का संचालन आरंभ किया गया है।*

## राज्यपाल के अभिभाषण में महात्मा गांधी की विश्व दृष्टि, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की सोच और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास दृष्टि का समावेश: मुख्यमंत्री

- मप्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेलीकॉप्टर और हवाई सेवा शुरू
- भोपाल और इंदौर मेट्रोपोलेटिन शहर घोषित किए जाएंगे
- अभिभाषण मप्र के उज्जवल भविष्य का रोडमैप



### रातापानी 8वां और माधव टाइगर रिजर्व 9वां टाइगर रिजर्व बना

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटकों की संख्या 2002-03 में 64 लाख थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हुई है। पीएमश्री पर्यटन युवा सेवा का शुभारंभ कर इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, रीवा, सिंगरौली, उज्जैन एवं खजुराहो के मध्य सेवा का संचालन किया जा रहा है। मप्र टाइगर स्टेट और चीता स्टेट बनने के बाद लेपर्ड स्टेट बना है। भोपाल का रातापानी 8वां और माधव टाइगर रिजर्व 9वां टाइगर रिजर्व बना है। प्रदेश में चीतों की संख्या भी बढ़ी है। मप्र आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और वन्य जीव पर्यटन का त्रिवेणी संगम बन गया है।*

### प्रति व्यक्ति ऊर्जा की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से ज्यादा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति ऊर्जा की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। नवकरणीय ऊर्जा प्रदाय में मप्र का स्थान देश में 8वां है। गत 12 वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन 14 गुना बढ़ा है। मप्र बिजली की अधिकतम मांग 18 हजार 913 मेगावाट की थी, जो इतिहास मे सर्वाधिक थी। राज्य में इसकी आपूर्ति अपने दम पर की गई। खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक पर आधारित मानव चैक गेटस स्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है।

### मध्य प्रदेश में विकास की संभावनाओं को गति मिलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में केंद्र के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश में विकास की संभावनाओं को गति मिलेगी। रीवा में प्रदेश के छठे विमान तल का संचालन शुरू हो गया है। शीघ्र ही दतिया और सतना में भी विमान तल सेवाएं उपलब्ध होंगी। 18 हजार 36 करोड़ की लागत से बनने वाली इंदौर-मनमाड़ रेल लेन लाइन से धार, बड़वानी, खरगोन आदि जिलों में विकास के दरवाजे खुलेंगे।

### प्रदेश में 6 एक्सप्रेस-वे बनेंगे

हेलीपेड का उपयोग खेल मैदान के रूप में भी किया जा सकेगा। प्रदेश में 6 एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी होगा, इसके अंतर्गत नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस वे, मालवा-निमाड़ एक्सप्रेस वे, बुंदेलखण्ड विकास पथ, मध्यभारत विकास पथ और अटल पथ का निर्माण होगा। इंदौर और भोपाल के बीआरटीएस के संबंध में राज्य सरकार की ओर से निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार विकास के लिए इस तरह के निर्णय लेने में पीछे नहीं हटेगी। मप्र भारत का चौथा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। प्रदेश में परिवहन सेवा आरंभ होगी।

### इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल और इंदौर मेट्रोपोलेटिन शहर घोषित किए जाएंगे। इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। प्रदेश में स्वच्छता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू करने के लिए जिलों में प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश की उपलब्धि का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 18 हजार 565 गांव, 19 हजार 378 किमी लंबी सड़कों से बारहमासी मार्गों से जुड़े। हर ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किए जा रह हैं। प्रदेश की 1100 से अधिक पंचायतों में अटल ग्राम सेवा सदन शुरू किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मप्र में लक्ष्य के विपरित लगभग 74 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।

---

लैलूंगा क्षेत्र की घटना, सिर पर चोट के निशान

# तालाब किनारे युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में मची सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तालाब किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा।

पुलिस गांव के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। उक्त मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनेकेला निवासी फागुलाल राठिया 35 साल की लाश रविवार को भेड़मिड़ा रोड में तालाब के पास मिली। जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि



मृतक फागुलाल राठिया के सिर में चोट के निशान हैं। जिससे आशंका जताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने मिलकर फागुलाल राठिया की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में लैलूंगा पुलिस का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# वाटरफॉल में डूबे युवकों का अब नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर और ओडिशा सीमा से लगे गुल्मी वाटरफॉल में शनिवार की दोपहर पिकनिक मनाने गए दो युवक नदी में डूब गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के साथ ही परिजन को भी सूचना दी गई।

जहां सभी मौके पर पहुंच गए। युवकों को डूबे 20 घंटे के लगभग हो गए, लेकिन युवकों का कोई भी पता नहीं चल पाया है। वहीं लगातार एसडीआरएफ की टीम युवकों की खोजबीन कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए कोटपाड़ थाना प्रभारी परमानंद ने बताया कि जगदलपुर शहर के कुम्हारपारा निवासी 13 लोग, जिसमें युवक, युवतियां दोनों शामिल थी। ऑटो और मिनी ऑटो से पिकनिक मनाने के लिए गुलमी आये हुए थे। ये सभी लोग कुम्हारपारा के संजना कैटरिंग के स्टाफ बताए जा रहे है। पिकनिक मनाने के बाद सभी लोग नहाने के लिए पानी में उतर गए, जहां गहरे पानी में एक युवक डूब गया।

---

वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक-पुलिसकर्मी

# 112 वाहन पर असामाजिक तत्वों ने फेंके पत्थर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीती रात इवेंट पर जा रही 112 के वाहन पर असमाजिक तत्वों ने छुपकर पथराव कर दिया। जहां इस पथराव में वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही बालको पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए पथराव करने वाले लोगों को पकड़ने का प्रयास किया।

लेकिन अंधेरे में झाड़ियों में छूपने के कारण पुलिस को देखकर मौके से सभी फरार हो गए। बताया जा रहा है कि देर रात चेक पोस्ट लाल घाट में बालको इवेंट नंबर केआरबी/11 को सूचना मिली कि बालको चेक पोस्ट लाल घाट आने जाने वाले लोगों का रास्ता रोका जा रहा है। वहीं बीच सड़क पर पत्थर रखकर आने जाने वाले लोगों को रोका जा रहा है। इस सूचना पर जब 112 की टीम मौके पर पहुंची। तो इस दौरान असामाजिक



तत्व झाड़ियों में छुपे हुए थे। जहां 112 के पहुंचते ही उस पर पथराव शुरू कर दिया। वहां पर चालक और एक पुलिस कर्मी ही थे। जहां किसी तरह उन्होंने खुद को पहले बचाया। उसके बाद इसकी सूचना तत्काल बालको थाना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि बीच सड़क पर रखे बड़े-बड़े पत्थरों को चालक और पुलिसकर्मी जब हटाने गए। तब उन पर भी पथराव किया गया। जहां चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे।

### अचानक हुई वारदात से डरे-सहमे थे लोग

*रात के अंधेरे में झाड़ियों में छुपकर अलग-अलग जगह से हो रही थी। पत्थर की वर्षा से राहगीर काफी परेशान थे। वह डरे सहमे हुए थे। राहगीरों की माने तो रात लगभग 12.39 की घटना है। जहां लोग रास्ते से गुजर रहे थे। पहले तो उन पर पथराव किया गया। जहां किसी तरह बाइक सवार डर के भाग गए। जब सड़क पर पत्थर रखा गया। जिससे आने जाने वाले लोग रुकते थे। इस दौरान आस पास झाड़ियों से लगातार पथराव हो रहा था। इस घटना के बाद कुछ समय के लिए लोगों की आवाजाही रुक गई। लोग से पथराव की जानकारी मिल गई।*

---

हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय

# दो से अधिक संतान पर बर्खास्तगी का आदेश स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर/भोपाल

मप्र हाईकोर्ट ने दो से अधिक संतान होने के आधार पर सेवा से बर्खास्तगी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने आयुक्त लोक शिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी मैहर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। याचिकाकर्ता रीवा निवासी नसीर खान की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता मैहर में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च 2000 को जारी परिपत्र के आधार पर याचिकाकर्ता को छह मार्च, 2025 को सेवामुक्त कर दिया गया। इस परिपत्र में लिखा है कि कोई भी उम्मीदवार जिसके दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 या उसके बाद हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। इस परिपत्र में उम्मीदवार लिखा है, जबकि याचिकाकर्ता 1998 से नौकरी में पदस्थ था। बहस के दौरान हाई कोर्ट के पूर्व आदेशों का भी हवाला दिया गया, जिनमें समान प्रकरणों में राहत दी गई है।

---

चौकी करेली बड़ी थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी को भेजा जेल

# पुरानी रंजिश के चलते दोस्त को उतार दिया मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुद

धमतरी जिले के करेली बड़ी चौकी अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने चाकू मारकर दोस्त की हत्या कर दी। ये होली पार्टी मनाने के लिए महानदी किनारे गये थे। आरोपी के विरुद्ध चौकी करेली बड़ी में हत्या की धारा 103 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को तकरीबन 3 बजे मृतक लोचन निषाद पिता व्यास निषाद उम्र 19 वर्ष अपने अन्य साथियो के साथ पार्टी मनाने के लिए नवागांव महानदी किनारे आये थे खाना बनाकर खा रहे थे उसी समय आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव पिता स्व. कृपाराम ध्रुव उम्र 39 वर्ष साकिन वार्ड नं. 19 गोबरा



नयापारा थाना गोबरा नयापारा भी आया और साथ में खाना खाया आरोपी द्वारा पूर्व रंजिश के चलते अपने पास रखे धारदार चाकू से मृतक के बाएं सीने में चोट पहुंचाकर प्राणघातक हमला किया जिससे मृतक की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म

सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 6 बदमाश घर छोड़ने के बहाने नाबालिग को गाड़ी में बैठाकर ओडिशा की तरफ ले गए। वहां सुनसान जगह पर वारदात को अंजाम दिया। यह मामला हसौद थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, कुछ बदमाश नाबालिग का अपहरण कर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि, उन्होंने नाबालिग को घर छोड़ने के बहाने गाड़ी में बैठाया। फिर सुनसान जगह ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। नाबालिग किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई।

---

### बच्चे का भविष्य सुरक्षित रख सकेंगे अभिभावक

रायपुर। सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने दो नए चाइल्ड प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं, 'एसबीआई लाइफ- स्मार्ट फ्यूचर स्टार' और 'एसबीआई लाइफ - स्मार्ट प्लेटिना यंग अचीवर'। इन्हें विशेष रूप से माता-पिता को बच्चे की भविष्य की आकांक्षा को सुरक्षित करने में सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है। लॉन्च पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी, श्री एम आनंद ने कहा, हर माता-पिता, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हों, अपने बच्चे को जीवन में सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन वित्तीय बाधाएँ कभी-कभी चुनौतियाँ खड़ी कर सकती हैं।

दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग की घटना, मचा हड़कंप

# मालगाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग पर एक बड़ी घटना सामने आई है। जहां रेलवे ट्रैक पर ओपन फाटक पार कर रही एक मालगाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि मालगाड़ी के सबसे पीछे वाले हिस्से में गार्ड ब्रेक डिब्बा पटरी से नीचे उतर गया। इस हादसे के बाद हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोंटे आई हैं। वहीं इसकी सूचना संबंधित एसईसीएल प्रबंधन विभाग और रेलवे प्रबंधन को भी दी गई। जहां रेलवे आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। बताया जा



रहा है कि दीपका एसईसीएल सिरकी रेलवे साइडिंग पर मालगाड़ी ओपन फाटक से गुजर रही थी। इस दौरान ट्रक तेज रफ्तार में आया और चालक को लगा कि मालगाड़ी आगे निकल जाएगी लेकिन ट्रक की रफ्तार अधिक होने के कारण मालगाड़ी के सबसे अंतिम गार्डन ब्रेक डिब्बा पर जा टकराया। जहां वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### तेज आवाज से जुटी लोगों की भीड़

बताया जा रहा है कि वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि आवाज आने के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं मालगाड़ी के गार्ड ब्रेक का डिब्बा पटरी से उतर गया। साइडिंग के तीन नम्बर पटरी पर हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद रेलवे ट्रैक जाम हो गया और कोयला परिवहन उसे ट्रैक पर प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि कहीं न कहीं एसईसीएल दीपका प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एसईसीएल का साइडिंग है और ओपन फाटक बनाया गया है। इसी तरह की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते यह हादसा सामने आया है। इस फाटक पर सुरक्षाकर्मी भी तैनात नहीं किए गए हैं। ओपन फाटक होने के चलते कभी भी और बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### पूर्व में भी हो चुकी हैं लापरवाही की घटनाएं

*इससे पहले भी कई बार दीपका रेलवे क्रॉसिंग पर घटना घट चुकी है। जहां ट्रक ने मालगाड़ी को टक्कर मारी थी। लगातार घट रही घटना से संबंधित विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ऐसे में कोयला परिवहन भी प्रभावित हो रहा है। वहीं आम लोगों को जान माल का भी खतरा बना हुआ है। सूचना मिलते ही कोरबा रेलवे प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और रेलवे आरपीएफ पहुंची। रेलवे आरपीएफ प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सूचना पर रेलवे के आरडी टीम पहुंची। मौके पर जहां मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए मरम्मत जारी है। वहीं आगे की कार्यवाही की जा रही है।*

# परम्परागत तरीके से मनाया गया रंगों का त्यौहार

## होली के रंगों और गुलाल से सराबोर रहा शहर







**जबलपुर। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक रंगों का अलमस्त त्यौहार होलिकोत्सव परम्परागत तरीके से मनाया गया। पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था होने के कारण इस बार होली में मारपीट, लड़ाई झगड़े की वारदातें गत वर्ष की तुलना में कम हुईं। लोग रंगों में सराबोर रहे, अपने-अपने में मस्त रहे। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने वो लगाम कसी कि हुड़दंग तो हुई लेकिन शालीन। शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने स्टापेज लगा रखे थे, जिससे शराबियों के वाहनों की रफ्तार और अलमस्ती दोनों नियंत्रित रही।**



होलिका दहन की रात्रि से ही पुलिस सख्त हो गई थी। रात 12 बजे सारी होलिका प्रतिमाओं का दहन हो चुका था। सुबह से ही रंग और अबीर उड़ने लगा। हुरियारे रंगों में डूबने लगे। सुबह से शाम तक शहर में रंग गुलाल होता रहा। कालोनियों में होली का माहौल ही कुछ अलग था। लोग टोलियां बनाकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे थे। जबकि हुड़दंगियों को अपना अंदाज ही अलग था। कोई काला, कोई पीला, कोई नीले रंग में लिपटा झूम रहा था। डीजे साउण्ड सिस्टम पर सख्ती से पाबंदी के बाद भी देर रात तक कहीं-कहीं नाच गाना होता रहा। जबकि दूसरे दिन लाउड स्पीकर पूरी तरह बंद रहे, लेकिन साउण्ड बॉक्स और ढोल ढमाकों के साथ खासकर नवयुवकों की टोलियां हुड़दंग मचाती रही। ये बात अच्छी रही कि लोग आपस में ही होली खेलते रहे। किसी अपरिचित व्यक्ति पर न रंग डाला, न गुलाल फेंकी। इसलिए भी लड़ाई झगड़े की वारदातें कम हुईं। पुरानी रंजिशों को लेकर भी कुछ छुटपुट वारदातें जरूर हुईं।

### रंगों की बौछार

होलिका दहन के पश्चात युवाओं ने रंग भी खूब खेला, लेकिन रंग बौछारों का यह सिलसिला काफी देर नहीं चला। मस्ती का यह दौर रात्रि के दूसरे पहर तक ही चला। रात दो बजे करीब मोहल्लों की सड़कें, गलियां सूनी पड़ गईं।

### मस्तों की टोलियां निकलीं

शुक्रवार को सुबह से ही युवाओं की टोलियां नगाढ़ियों की थाप पर झूमती हुईं निकली और गुलाल उड़ते हुए अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बुजुर्गों का आर्शीवाद और युवाओं को परस्पर बधाईयां देने का यह क्रम दोपहर तक चलता रहा।

### बच्चों की पिचकारियां

बच्चों की अठखेलियां निराला समा बांध रही थीं। पिचाकारियों में भरे रंगों की बौछारें अधिकांशतः उन्हीं के बीच चली। यदाकदा उनकी पिचकारियों की दिशा भटकी जरूर, लेकिन उनकी मासूम बौछारों में लोग घुल मिल गये, हंसते हुये बच्चों को प्यार करते अपने रास्ते निकल गये।





### गांवों का निरालापन

गांवों में होली की अलग ही मस्ती रही। देर रात तक फागों के स्वर गूंजते रहे। नगढ़ियों की दिलकश लहरियां युवाओं को थिरकने मजबूर करती रहीं। यहां का पर्वीय परिवेश स्नेह की फुहारों और गुलाल में रंगा नजर आया।

### आत्मीयता की झलक

शहरों का माहौल रहा हो अथवा गांवों का, सभी जगह भाईचारे की बयार बही। ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जिससे स्नेह का दामन बदरंग हो पाता।

### सांस्कृतिक आयोजनों की कमी खली

कभी होली में सांस्कृतिक आयोजनों की भरमार रहा करती थी। लेकिन इस वर्ष होली में सांस्कृतिक आयोजनों की कमी जमकर खली। ले-देकर गुंजन कला सदन द्वारा होलिका दहन की पूर्व संध्या पर रासरंग महोत्सव शहीद स्मारक में आयोजित किया गया, जो होलिका दहन के दिन एकमात्र सांस्कृतिक आयोजन रहा।

### मंहगाई का असर

होली के त्यौहार में इस बार बेतहाशा मंहगाई और परीक्षाओं का प्रभाव भी स्पष्ट दिखा। बेरोजगार नौजवान जरूर होली की हुड़दंग में शामिल रहे, जबकि समस्याओं से बेजार नागरिक किसी तरह त्यौहार मनाने की औपचारिकता पूरी करने में ही परेशान रहा। स्कूल स्तर से लेकर कॉलेज स्तर तक की परीक्षाओं का दौर चलने के कारण विद्यार्थी वर्ग उत्साह से रंगों का यह पर्व मनाने की बजाय अध्ययन-अध्यापन में जुटा रहा।

### भाईदूज का पर्व मनाया

इस साल भाईदूज का पर्व तिथि के मुताबिक धुरेड़ी के दूसरे दिन न होकर तीसरे दिन 16 मार्च रविवार को आज परम्परागत उत्साह के साथ मनाया गया। बहनें भाईयों के माथे पर टीका लगा उनकी दीर्घायु होने की कामना करेंगी। सेंट्रल जेल में भाईदूज के पर्व पर कैदी भाईयों को तिलक लगाने पहुंची बहनों के लिये विशेष इंतजाम किये गये है। उन्हें इस बार तंबू की जगह मुलाकात खिड़की से टीका लगाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।



# ईदगाह में उर्स व इफ्तार-ए-आम आज

## सामूहिक भोज का सिलसिला जारी



**जबलपुर**। मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार रमजान मुबारक के सोलहवें रोजे सोमवार को ईंदगाह कला रानीताल में हजरत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी अलेहीरहमत के 128वें सालाना उर्स शरीफ का एहतेमाम किया गया है। इस मौके पर अपरान्ह बाद नमाज जुहर कुरान ख्वानी की जाएगी। जिसके बाद मजार शरीफ पर चादर पोशी की जाएगी। सांय मगरिब के वक्त विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया जाएगा। आस्तान ए आलिया करीमिया सलामिया बुरहानिया के सज्जादानशीन सूफी जियाऊल हक कादरी बुरहानी ने एक बयान मे कहा है कि उर्स अफ्तार में ज्यादा से ज्यादा शिरकत करे और फैजयाब हासिल करें।

अफ्तार ए आम - रमजान शरीफ के पन्द्रहवे रोजे रविवार को मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेशहजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती एवं सूफ़ी मेराज बाबा जमाली, सैय्यद कादिर अली कादरी की कयादत में सर्वधर्म सद्भावना समिति द्वारा अफ्तार ए आम का एहतेमाम सिटी कोतवाली के सामने मौलाना साहब की गली किया गया। अफ्तार ए आम में हाजी कदीर सोनी, हाजी मकबूल अहमद रज़वी, मुबारक कादरी, गुड्डु नबी, सहित सैकड़ों हिन्दु मुस्लिम धर्मावलंबी भी शरीक हुए और भाईचारा शांति सद्भावना का संदेश दिया अफ्तारोपरान्त मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गईं और जबलपुर अमन शंति के लिए दुआएं मांगी गईं। समिति के संयोजक पूनम आशीष उसरेठे, सह संयोजक मोहम्मद ताहिर खान, नीलेश पंसारी ने अफ्तार ए आम शरीक हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया।




# मेहरा समाज का दहेजरहित आदर्श विवाह 23 मार्च को

**जबलपुर**। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावधान में मेहरा समाज के दहेजरहित आदर्श विवाह 23 मार्च 2025 को आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान विवाह योग्य युवक-युवतियों के स्वयं के द्वारा मंच से परिचय दिया जायेगा। समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। सम्मेलन की आवश्यक तैयारी हेतु झारिया कल्याण संघ जबलपुर की बैठक 16 मार्च 2025 को इण्डियन कॉफी हाउस जबलपुर में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डॉ. एन.पी. झारिया, डॉ. आर.एम. झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, हरि मेहरा, देवदत्त झारिया, रामेश्वर मेहरा, रतन झारिया, संतोष झारिया, राधा झारिया, गोमती झारिया, अशोक झारिया, लखन झारिया, शम्भू झारिया, भगवानदास झारिया, सुरेश झारिया, बलराम झारिया, आंर.पी. झारिया, लीलाधर झारिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 15वें रोज़े पर घंटाघर में हुआ रोजा अफ्तार

## गंगा - जमुना तहजीब की साक्षी बनी संस्कारधानी

**सभी धर्म के लोगों ने मिलकर किया अफ्तार भोज, मांगी अम्नो शांति की दुआ**



**जबलपुर**। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र त्यौहार रमजान के सत्रहवें रोजे पर पुलिस कंट्रोल रूम के सामने कलेक्ट्रेट मार्ग घंटाघर में बज्मे हुसैन नौजवान लंगर कमेटी की जानिब से विशाल अजीमुश्शान अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया जिसमें सभी धर्म के लोगों ने मिलकर अफ्तार किया अफ्तार के उपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क हिंदुस्तान में अम्नो और शांति की दुआएं मांगी गईं इस आयोजन में बड़ी संख्या में मुस्लिमों के साथ हिंदू ,सिख, ईसाई सहित सभी धर्म के लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारा सद्भावना का पैगाम दिया।

कमेटी के सदस्यों ने कहा कि जानबूझ कर त्योहारों के समय कुछ लोगों द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है। इससे कुछ लोग फायदा उठाते हैं लेकिन संस्कारधानी हमेशा ही आपसी भाईचारे का पैगाम देती रही है यह सदियों से होता आ रहा है और आगे भी होगा। हम लोग इस पुरानी परंपरा को ऐसे ही चलाते रहेंगे और एकता का परिचय देते रहेंगे।इस मौके पर मुफ्ती इम्तियाजुल कादरी साहब, मौलाना सैयद हसन रब्बानी साहब, मौलाना गुलाम अहमद साहब, पार्षद गुड्डु नबी, मुईन खान, शेख़ शाहिद, सईद खान, राज अली, शफी खान, हाजी मतीन, आरिफ खान, जावेद पप्पू, अकरम भाई, मोईनुद्दीन जानू सहित हजारों रोजेदार उपस्थित थे कमेटी के सदस्यों ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# वर्ष 2016 से बंद पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए

**जबलपुर**। वर्ष 2016 से मध्य प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति बंद हैं। पदोन्नति की आश में विगत वर्षों में हजारों कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गये, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानिसक क्षति हो रही है जिसकी पूर्ति की जाना संभव नहीं है। इस संबंध में शासन द्वारा कर्मचारियों के हित में सूक्ष्म क्षतिपूर्ति के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन सरकार ने कैबिनेट उप समिति का गठन किया था जिसमें उच्च पदनाम के साथ क्रमोन्नति देने की व्यवस्था दी गई थी। इस व्यवस्था के तहत सामान्य प्रशासन विभाग ने उच्च पदनाम के साथ क्रमोन्नति देने का आदेश जारी किया था, जिसका क्रियान्वयन कुछ विभागों ने तो किया, पर अधिकतर विभाग द्वारा नहीं किया गया जिससे प्रदेश के कर्मचारी मानसिक रूप से हतोत्साहित हैं, जिसके कारण शासन का कार्य भी प्रभावित होता है जबकि सामान्य कार्य हेतु केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को प्रदेश सरकार के कर्मचारियों की तुलना में अनेकों आर्थिक लाभ समय समय पर प्रदान किये जाते हैं जैसे पदोन्नति इत्यादि प्रदान की जा रही है जो कि एक भेदभावपूर्ण नीति है। प्रदेश में कुछ संवर्ग ऐसे भी हैं जिन्हें न तो पदोन्नति मिल पा रही है न समयमान वेतनमान न क्रमोन्नति जो कि अत्यंत खेद का विषय है। कर्मचारी संघ शासन से मांग करता है कि तत्काल इस ज्वलंत मुद्दे को संज्ञान में लेते हुये कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाए।

संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, राजेश सिंह ठाकुर, एनोस विक्टर, दिपेश जैन, फिलिप एंथोनी, रउफ खान, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, मनमोहन चौधरी, देवेंद्र भट, राकेष गुप्ता, वीरेन्द्र श्रीवास, योगेष ठाकरे, मान सिंह आर्मो, सुधीर अवधिया, सुधीर पावेल, संतोष चैरसिया, आशाराम झारिया, त्रिलोक सिंह, अनूप सिन्हा, समर सिंह ठाकुर, नीलेष पटेल, सुनील श्रीवास्तव, गोपीषाह, चैतन्य कुषरे, आशीष कोरी आदि ने मांग की है।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में वृंदावन सा नजारा

## चैतन्य महाप्रभु का 11 फलों के रस से अभिषेक



**जबलपुर**। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में होली के महोत्सव पर चैतन्य महाप्रभु का 11 फलों के रस से स्वामी रामचंद्रदास महाराज ने अभिषेक किया तत्पश्चात भक्तों ने बारी-बारी से पूजा दर्शन कर पुण्य लाभ लिया. स्वामी जी ने उद्बोधन में कहा चैतन्य महाप्रभु ने आज से 400 वर्ष से पहले हरे कृष्ण महामंत्र से संकीर्तन कर पूरे विश्व में सामाजिक समरसता की क्रांति लाई सभी वर्गों को एक माला में जोड़ा। सनातन धर्म का प्रचार किया। भगवान राधा कृष्ण के साथ भक्तों ने फूलों की होली खेली पूरा वातावरण मैं वृंदावन सा नाजारा लग रहा था भगवान की आरती के साथ भंडारे का आयोजन हुआ सैकड़ो वर्ष पुरानी रागों में फागों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्रवाल आभार डॉ सुधीर अग्रवाल ने किया सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।